## एक नजर में

### मुक्ति धाम के लिए तरस रहे है ग्रामीण



**झाबुआ।** जनपद पंचायत मेघनगर की ग्राम पंचायत चारेल के वडलीफलिया एवं भूरिया फलिया के निवासियों को गांव में किसी भी मृत्यु हो जाने पर शव को ले जाने में काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष नटवरसिंह डोडियार ने कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन देकर समस्या के अतिशीघ्र समाधान की मांग रखी है। युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री डोडियार द्वारा जिला प्रशासन को जनसुनवाई में दिए आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत चारेल के वडलीफलिया एवं भूरिया फलिया के निवासियों हेतु श्मशान घाट गांव से काफी दूर है तथा शव ले जाते समय बीच में नाला पड़ता है। नाले में पानी बहुत अधिक बहता रहता है। जिसके कारण गांव में किसी भी मृत्यु हो जाने पर नाला में से होकर शव को श्माशान घाट तक ले जाने में ग्रामीणों को काफी असुविधा होती है। जिसका वीडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। नाले में पानी अधिक रहने के कारण अर्थी को उठाकर ले जाने में ग्रामीणजन नाले के गंदे पानी से होकर गुजरते है। आवेदन में कलेक्टर से ग्राम पंचायत चारेल में आने वाले श्मशान घाट के मार्ग पर नाले पर जल्द ही पुलिया निर्माण करवाएं जाने की मांग रखी है। आवेदन के साथ ग्राम पंचायत के ठहराव प्रस्ताव की प्रति भी संलग्न की गई है। आवेदन बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन जिला प्रशासन की ओर से दिया गया है।

### आदर्श महाविद्यालय के 5 खिलाड़ियों ने जीते मेडल



**झाबुआ।** संभाग स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता सत्र 2025-26 में महाराजा रणजीतसिंह महाविद्यालय इंदौर में आयोजित की गई। जिसमें स्व. दिलीपसिंह भूरिया शासकीय आदर्श महाविद्यालय झाबुआ के 5 खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल जीतकर महाविद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के खेल अधिकारी कोमल बारिया ने बताया कि बीएसस्सी तृतीय वर्ष की कु. छाया मावी ने 86 किलोग्राम वजन में सिल्वर मेडल, कु. प्रियंका भाबोर बीए प्रथम वर्ष ने 77 किलोग्राम वजन में गोल्ड मेडल, शशांक डामोर बीए द्वितीय वर्ष ने 60 किलोग्राम वजन में सिल्वर मेडल, सुनील भाबोर बीएससी प्रथम वर्ष ने 65 किलोग्राम वजन में गोल्ड मेडल और नकुल चावड़ा बीएससी द्वितीय वर्ष ने 71 किलोग्राम वजन में गोल्ड मेडल हासिल किया है। सभी बच्चों ने जय बजरंग व्यायाम शाला में प्रशिक्षक गुलाबसिंह गुंडिया की देखरेख में अभ्यास किया।

**दी गई बधाई-** इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर पीके उछावर ने सभी बच्चों को मेडल जितने की बधाई दी और उनके अभ्यास में कोई कमी न रहे, इस हेतु महाविद्यालय के सभी खिलाड़ियों को हर सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु आश्वस्त किया। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. दिलीपकुमार परसेंडिया, खेल प्रभारी डॉ. भूरसिंह निगवाल, डॉ. धुलसिह खरत, प्रो. मुकेश बघेल, प्रो. सांजेय खांडेकर, प्रो. मुकेश सूर्यवंशी, डॉ. पूजा बघेल, प्रो. करिश्मा अवासे, डॉ. सरमा बघेल, डॉ. भारती जमरा, प्रो. जितेंद्र नायक, प्रो. जितेन्द्र कौरव, प्रो. एमपी सिंह, डॉ. रंगारी डोडवे, प्रो. प्रियंका सहित समस्त विद्यार्थियों एवं स्टॉफ के कर्मचारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### जैनाचार्यों का मंगल प्रवेश जुलूस निकला

इंदौर. द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर पर पांच दिसम्बर को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए जाजम के चढ़ावे का आयोजन सोमवार को सुबह फूटी कोठी चौराहा स्थित पुखराज पैलेस पर आचार्य विजय जिन सुंदर सूरीश्वर, आदि ठाणा एवं चातुर्मास के लिए विराजित साध्वी कल्पद्रूमा श्रीजी की पावन निश्रा में किया गया. आचार्य एवं साधु-साध्वी-भगवंतों का मंगल प्रवेश जुलूस भी बैंड-बाजों एवं वाद्य यंत्रों की सुर एवं स्वर लहरियों की मंगल ध्वनि के बीच निकाला गया. मंदिर ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा एवं सचिव चेतन भंडारी ने बताया कि 5 दिसम्बर को श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु, नाकोडा भैरव देव, भोमियाजी देव एवं आचार्य वीररत्न सूरी की गुरुमूर्ति प्रतिमा की प्रतिष्ठा का दिव्य महोत्सव होगा. इसके पूर्व सोमवार को सुबह पुखराज पैलेस पर साधु-साध्वी-भगवंतों की पावन निश्रा में मोहनखेड़ा के प्रख्यात संगीतकार देवेश जैन और उनकी टीम द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुतियों के बीच जाजम के चढ़ावे की बोली का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ. मंदिर परिवार से जुड़े अमृत मूणत, सतीश जैन, अजय जैन, समता जैन एवं नितिन बाबेल ने प्रतिष्ठा के चढ़ावे की विस्तृत जानकारी प्रदान की.

### जैन समाज ने निकाली महावीर जी की यात्रा

इंदौर. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के समन्यवक विनय बाकलीवाल के नेतृत्व में 2 दिवसीय जैन तीर्थ चमत्कार जी व महावीर जी की यात्रा आयोजित की गई. यात्रा दल में इंदौर, दुर्ग, जयपुर, खातेगांव, ग्वालियर, कोटा, बड़नगर के 131 सदस्य सम्मिलित है. सवाई माधोपुर से यात्रा बस से रवाना होकर गंगापुरसिटी, महावीर जी पहुंची. महावीर जी मे रात्री में संगीतमय आरती - भक्ती व भक्तामर जी की आराधना की. दर्शन, अभिषेक, शांतिधारा, पूजन किया गया. शोभायात्रा बैंड, बग्गी, पुरुष स्वेत वस्त्र में ब महिलाएं केसरिया वस्त्र में नृत्य गान व जयघोष करते हुए मंदिर पहुँचे. यात्रा में मनोरमा बाकलीवाल, जैनेश झांझरी, विनीत-सौम्या बाकलीवाल, अर्जुन-श्रुति जैन, अनुज-अंकिता जैन, डॉ देव पाटोदी आदि समाजजन सम्मिलित है.

### वीरेन्द्र जैन राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदर्शक मनोनीत

इंदौर. वीरेन्द्र रेखा जैन ऑल इण्डिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कांन्फ्रेंस नई दिल्ली की मानव सेवा योजना के राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदर्शक मनोनित किये गये. स्थानकवासी जैन कांफ्रेंन्स श्वेताम्बर स्थानकवासी समाज की पूरे देश में एक मात्र संस्था है. साधु सन्तों की सेवा, मानव सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, वैयावच्च आदि सेवाओं में सबसे अग्रणी है. राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महामंत्री अमितराय की अनुशंसा से मानव सेवा योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश भटेवरा ने वीरेन्द्र रेखा जैन को राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदशक के पद का नियुक्ति पत्र सौंपा. इस अवसर पर मानव सेवा योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश भटेवरा, जैन कांन्फ्रेंस ट्रस्ट मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश भंडारी, योजना के महामंत्री जितेन्द्र चोपड़ा, कांन्फ्रेंस के प्रांतीय अध्यक्ष हुल्लास बेताला, कांन्फ्रेंस के राष्ट्रीय मंत्री जिनेश्वर जैन आदि उपस्थित थे. इस अवसर पर रमेश भंडारी ने बताया कि वीरेन्द्र रेखा जैन प्रदेश और देश में मानव सेवा के पर्याय है. आपके मार्गदर्शन मे मानव सेवा के बड़े-बड़े कार्य होगें. योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश भटेवरा ने बताया कि वीरेन्द्र रेखा जैन ने निशुल्क घुटनों के रिपलेसमेन्ट शिविर, कटे-फटे होठ और तालू के शिविर, विकलांग बच्चों के ऑपरेशन सहित अन्य बीमारियों के सैंकड़ों शिविर लगा चुके है और हजारों कि संख्या में मरीज लाभान्वित हुए है.





# खेल हमें गरिमा और अनुशासन सिखाता है : गुमानसिंह डामोर

- सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन भव्य मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन
- सांसद अनिता चौहान एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने दिखाई हरी झंडी, समापन पर विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**झाबुआ। सांसद खेल महोत्सव-2025 के दूसरे दिन 18 नवंबर, मंगलवार सुबह 7.30 बजे से शहर के मध्य राजवाड़ा से भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्रीय सांसद अनिता नागरसिंह चौहान एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने दिखाई।**

**दौड़ में जिलेभर के स्कूल, कॉलेज और छात्रावास के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। करीब 2 किमी के क्षेत्रफल में दौड़ लगाकर पुनः राजवाड़ा पहुंचने वाले बालक-बालिकाओं और प्रथम 10 प्रतिभागियों को ट्राफी, मेडल्स तथा नगद पुरस्कार से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।**

जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान ने बताया कि मंगलवार सुबह 7 बजे जिलेभर से स्कूल, कॉलेज और छात्रावास के छात्र-छात्राएं सैकड़ों की संख्या में निर्धारित गणवेश में राजवाड़ा पर जमा हुए। 7.30 बजे राजवाड़ा पर मैराथन दौड़ को हरी झंडी सांसद अनिता चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, जिला महामंत्री विजय चौहान, जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि शैलेष दुबे द्वारा दिखाते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। मैराथन दौड़ में जिलेभर के सैकड़ों बालक-बालिकाएं शहर के राजवाड़ा से श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा, आजाद चौक, बाबेल चौराहा, थांदला गेट, मेन बाजार, बस स्टैंड चौराहा, जिला चिकित्सालय मार्ग, विजय स्तंभ तिराहा, हाईवे मार्ग (उत्कृष्ट सड़क), कलेक्टोरेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर, डीआरपी लाईन तिराहा, नेहरू मार्ग, महाकालिका माता मंदिर परिसर, श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर होते हुए सभी खिलाड़ी पुनः राजवाड़ा पहुंचे। जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में क्रमशः प्रथम 10 आने वाले प्रतिभागियों का पुरस्कार हेतु चयन किया गया।

**समापन पर यह रहे अतिथि-** मैराथन दौड़ को सफल बनाने में विशेष सहयोग जिला खेल अधिकारी विजय सलाम एवं जिला क्रीड़ा प्रभारी कुलदीप धाबाई के नेतृत्व में वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक मनोज पाठक, नरेशराज पुरोहित, अमजद खान, अवलोक शर्मा, सूर्यप्रतापसिंह, लालसिंह अजनार, उदय बिलवाल, राकेश परमार आदि ने प्रदान किया एवं विजेता खिलाड़ियों का चयन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथि के रूप में भील महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री कृष्णपालसिंह गंगाखेड़ी, भाजपा खेल प्रकोष्ठ संयोजक शैलेष बिट्टू, एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक मनोज अरोड़ा, भाजपा अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजमेरसिंह भूरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद बामनिया, जिला पंचायत सदस्य बहादुर हटिला, भाजपा झाबुआ मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक, देवझिरी के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरभानसिंह गुंडिया मंचासीन रहे।

समापन समारोह का सफल संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि शैलेष दुबे ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद जीएस डामोर ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह हमे गरिमा और अनुशासन सीखाता है। हम सभी खेलों को अनुशासनात्मक रूप से खेलते है और जीतने की ललक रहती है। साथ ही नियमित खेल में शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति का भी भरपूर संचार होता है। पूर्व सांसद श्री डामोर ने उपस्थित समस्त प्रतिभागियों से खेल को अपने दैनिक दिनचर्या में आवश्यक रूप से शामिल करने हेतु आव्हान किया। समापन कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री कृष्णपालसिंह गंगाखेड़ी ने जिलेभर से आए समस्त खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में विजेता रहने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### दो दिवसीय प्रतियोगिता में यह रहे विजेता

बाद विजेता खिलाड़ियों के नामों की घोषणा भाजपा जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा ने की। 17 नवंबर, सोमवार को बालिका वर्ग में रस्सा-कस्सी में प्रथम पुरस्कार 3100 रू. एवं ट्राफी जय बजरंग व्यायाम शाला झाबुआ एवं द्वितीय पुरस्कार 2100 रू. एवं ट्राफी संयुक्त सीनियर बालिका छात्रावास क्रमांक-1 की टीम को प्रदान की गई। इसी प्रकार बालक वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5555 रू. आजाद क्लब रोटला एवं द्वितीय पुरस्कार 2222 रू. एवं ट्राफी विनर क्लब टिकड़ी जोगी की टीम को प्रदान किया गया। मैराथन दौड़ में बालक एवं बालिका वर्ग में क्रमशः प्रथम 3000 रू, द्वितीय 2000 रू. एवं तृतीय पुरस्कार 1000 रू. और विजेताओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा दौड़ में दोनो वर्ग में चौथे से दसवे नंबर पर आने वाले प्रतिभागियों को मेडल्स एवं प्रमाण-पत्र देकर भी अभिनंदन किया गया। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम विजेन्द्र देवड़ा, द्वितीय कमलेश खुरेसिंह एवं तृतीय जगदीश मेड़ा रहे। प्रथम 4 से 10 नंबर पर रहने वाले खिलाड़ियों में संजय वसुनिया, अलेश बारिया, रंजीत गामड़, हरसिंह सिंगाड़, जितेन्द्र जमरा, अजीत परमार एवं दिलीप गुथरिया रहे। बालिका में प्रथम स्थान पर पारी निनामा, द्वितीय स्थान पर कमिता अमलियार एवं तृतीय स्थान प्रणावी सोलंकी ने प्राप्त किया। इसके अलावा प्रथम 4 से 10 नंबर पर आने वाली बालिकाओं में रोशनी डामोर, सोनू पारगी, संजू डामोर, लीला वाखला, मारिया डामोर, ईशा डामोर और रोशनी डामोर रहीं। बालक वर्ग में कई खिलाड़ियों का इंडियन आर्मी में चयन होने पर भी अतिथियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके प्रशिक्षक उदय बिलवाल की सराहना की। अंत में सभी के प्रति आभार वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेष दुबे ने माना।




# झाबुआ के विनय डामोर को अंग्रेजी साहित्य विषय में पीएचडी

**झाबुआ। सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा झाबुआ के विनय डामोर को अंग्रेजी साहित्य विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।**

डॉ. विनय डामोर ने बताया कि उन्होंने भारतीय शिक्षा प्रणाली में अंग्रेजी साहित्य में 'संभावनाएं और समस्याओं का विशलेषक अध्ययन' विषय पर सफलतम शोध कार्य पूरा किया। यह शोध डॉ. रीचा पाठक के निर्देशन में संपन्न हुआ। उनके शोध में भारतीय शिक्षा प्रणाली में अंग्रेजी साहित्य के अध्ययन से जुड़ी चुनौतियों, अवसरों तथा उनके समाजशास्त्रीय एवं शैक्षणिक प्रभावों का गहन विशलेषण किया गया है। यह अध्ययन भारतीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में अंग्रेजी साहित्य के शिक्षण और उसकी भूमिका को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करता है। विनय डामोर को पीएचडी उपाधि मिलने पर उन्होंने अपने मार्गदर्शक विश्वविद्यालय प्रशासन परिवार, सहयोगी छात्र-छात्राओं और परिवारजनों का आभार व्यक्त किया है।

**भविष्य में भी शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में देंगे योगदान**

डॉ. विनय भाबोर ने कहा कि यह उपलब्धि उनके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही कहा कि भविष्य में भी वे शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर अपना योगदान प्रदान करते रहेंगे। डॉ. विनय डामोर ने बताया कि उनका यह शोध उन सभी विद्यार्थियों के लिए समर्पित है, जो अपना कॅरियर अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में बनाना चाहते है।

# दादावाड़ी मंदिर के शिखरों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम

## दादा गुरूदेव की अष्टप्रकारी पूजन पढ़ाई गई, शहर में निकाली गई शोभायात्रा



**झाबुआ।** शहर के प्राचीन चमत्कारिक श्री जिनदत्तसूरी, श्री जिनकुशलसूरी दादावाड़ी मंदिर पर ध्वजारोहण महोत्सव का आयोजन 18 नंवबर, मंगलवार को किया गया। महोत्सव अंतर्गत सभी आयोजन परम् पूज्य साध्वीरत्ना रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा-3 की पावनकारी निश्रा में संपन्न हुए। सभी आयोजनों में समाजजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं।

जानकारी देते हुए श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम अंतर्गत 18 नवंबर, मंगलवार सुबह 7 बजे से श्री दादा गुरूदेव की अष्टप्रकारी पूजन पढ़ाई गई। जिसकी विधि विधिकारक ओएल जैन ने संपन्न करवाई। पूजन का लाभ अर्पित अशोककुमार सकलेचा परिवार ने लिया। 8 बजे दादा गुरूदेव की वेदी के शिखरों पर ध्वजारोहण का लाभ लाभार्थी परिवारों ने लिया। विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ शिखरों पर ध्वजारोहण सपंन्न हुआ। इस दौरान मुख्य दादा श्री जिनदत्तसूरी की ध्वजा का लाभ सुरेन्द्रकुमार उदयलाल कांठी परिवार एवं दादा जिनकुशलसूरीजी की ध्वजा का लाभ अशोककुमार प्रेमचंद सकलेचा परिवार ने लेते हुए शिखरों पर ध्वजा चढ़ाई गई। 8.15 बजे से मंदिर में आरती का आयोजन हुआ। आरती में श्री संघ एवं समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दादा गुरू मंदिर की वार्षिक बोलियां भी बोली गई। 8.30 बजे ध्वजारोहण निमित्त भाता की प्रभावना का वितरण लाभार्थी हेमराज कांठी परिवार, उदेयलाल, पुखराजमल, विमलचंद, चन्द्रशेखर, सुरेन्द्र, अमित, अंकुश कांठी परिवार एवं अर्पितकुमार अशोककुमार सकलेचा, प्रेमचंद सकलेचा सकलेचा परिवार ने लि

### बैंड-बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली

दादावाड़ी से सुबह करीब 10 बजे बैंड-बाजों पर धार्मिक गीतों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें दादा श्री जिनदत्त सूरीजी मसा की प्रतिमा के सम्मुख जगह-जगह समाजजनों ने गहूली करने का लाभ लिया। शोभायात्रा में आगे पुरूष वर्ग बाद साध्वी भंगवतों के साथ बड़ी संख्या में श्राविकाएं शामिल हुई। यह शोभायात्रा शहर के दादावाड़ी से जगमोहनदास मार्ग, राजवाड़ा, लक्ष्मीबाई मार्ग, जैन मंदिर होते हुए पुनः दादावाड़ी पहुंची। जहां साध्वी भगवंत द्वारा जिन शासन में मंदिर के शिखरों पर ध्वजारोहण के महत्व को प्रतिपादित किया एवं परमात्मा और गुरू की पूजन-भक्ति का महत्व समझाया। सभी आयोजन में श्वेतांबर जैन श्री संघ के पदाधिकारियों के साथ समाजजन उत्साह के साथ सम्मिलित हुए।



# मानव सेवा से परिपूर्ण रहा जयंतसेन का जन्मोत्सव


**राणापुर :: युग प्रभावक सुविशाल गच्छाधिपति जैनाचार्य श्रीमद विजय जयंतसेन सुरीश्वरजी महाराज का 90 वा जन्मदिन तरुण परिषद के तत्वाधान में जीवदया ओर मांवसेवा के रूप में मनाया गया।**

तरुण परिषद के राष्ट्रीय सदस्य अवि सकलेचा की मेहनत से सुबह 10 बजे चिकित्सालय में मरीज ऐव परिजनों सहित डॉक्टर ऐव नर्सों को मिठाई, बिस्किट ऐव फ्रूट वितरित कर गोशाला में गायो को गुड खिलाया गया जिसके सहयोगी मनोज सेठ ऐव हेमेंद्र सेठ रहे। माध्यमिक विद्यालय में करीब 30 बच्चों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें बच्चों को संबोधित करते हुए अपने गुरु के बताए मार्ग पर चलते हुए अच्छी पढ़ाई कर बड़े अधिकारी बनने की सलाह दी गई। बच्चों को चोरी, झूठ न बोलने ओर बीड़ी सिगार ओर पाउच न खाने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में पार्षद सुरेश बागुल सुरेश समीर, विमल बाठिया, राजेंद्र तलेरा, तरुण सकलेचा अवि सकलेचा आदि उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम के सहयोगी श्रीमती रेखा राजेंद्र सियाल रहे। संचालन राजेंद्र जैन ने किया। पश्चात गोशाला में महिला ओर तरुण परिषद ने गुड चने ओर हरि सब्जियां खिलाई।

**एक नजर** — प्रात :काल प्रभात फैरी के साथ गुणानुवाद सभा, महाआरती एवं दिनभर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए

# जयंतसेन सूरीजी का 90वां जन्मोत्सव मनाया





**झाबुआ।** पुण्य सम्राट राष्ट्रसंत गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी मसा का 90वां जन्मोत्सव वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी मसा एवं आचार्य श्रीमद् विजय जयरत्न सूरीश्वरजी मसा की पावन प्रेरणा से 18 नवंबर, मंगलवार को जीवदया, मानव सेवा और जप-तप के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी आयोजन परम् पूज्य साध्वीरत्ना रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा-3 की पावनकारी निश्रा में जैन श्वेतांबर श्री संघ एवं अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन परिषद् परिवार शाखा झाबुआ द्वारा किए गए।

जानकारी देते हुए देते हुए परिषद् परिवार अध्यक्ष राकेश मेहता एवं सचिव संदीप सकलेचा ने बताया कि 18 नवंबर, मंगलवार सुबह 6.30 बजे भक्तामर स्त्रोत एवं पुण्य सम्राट पाठ का आयोजन हुआ। इस दौरान लक्की ड्रा एवं पाठ के लाभार्थी स्व. लता प्रधान की स्मृति डॉ. संतोष, पलॉश प्रधान परिवार रहा। 7 बजे शहर में प्रभात फैरी निकाली गई। जिसमें आगे विशेष जिप्सी में जयंतसेन सूरीजी की आदमकद तस्वीर विराजमान करने के साथ परिषद् परिवार के युवा सदस्य अपने हाथों में जयंतसेन सूरीजी के फोटो युक्त चित्र के साथ जयघोष लगाए हुए शामिल हुए। यह प्र्भात फैरी बावन जिनालय से होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। प्रभात फैरी पश्चात् मंदिर पर संघ पूजन का लाभ लाभार्थी परिवारों द्वारा लिया गया।

### गुरूदेव की अष्टप्रकारी पूजन हुई

दोपहर 12.15 बजे से जैन धर्मशाला में साधर्मी वात्सल्य का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य लाभार्थी स्व. लीलाबाई चंपालाल भंडारी की स्मृति में सुरेशचन्द्र, कमलेश, प्रमोद, जीवनलाल, राजेन्द्र, अतुल, अंजु, सिमरन भंडारी परिवार झाबुआ-पारा के साथ कई अन्य सह-लाभार्थी भी रहे। दोपहर 1 बजे से बावन जिनालय में पुण्य सम्राट की संगीतमय अष्टप्रकारी पूजन का लाभ स्व. चंद्रकांताबेन शैतानमल लोढ़ा की पुण्य स्मृति में अरविन्द, मुकेश, पलॉश, हर्ष लोढ़ा परिवार ने लिया। पूजन महिला परिषद् एवं बहू परिषद् द्वारा पढ़ाई गई।